रविवार
23 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


मर्माहत : बलिया की किशोरी के अंतिम संस्कार के बाद फुटा छात्रों का गुस्सा 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### विवाद में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**सारण।** सीवान में शुक्रवार की देर रात करीब 10 बजे जुआ खेलने की विवाद में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की जीरादेई थाना क्षेत्र के जामापुर गांव निवासी नरेश चौहान के बेटे प्रमेन्द्र चौहान (30 वर्षीय) के रूप में की गई है। इस वारदात को उसके ही साथियों ने अंजाम दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात प्रमेन्द्र अपने साथियों के साथ गांव के सीमांत इलाके में जुआ खेल रखा था। जिसमें पैसा को लेकर उसके साथियों के साथ उसकी कहासुनी हो गई। मामला बढ़ते-बढ़ते मारपीट में तब्दील हो गया। इसके बाद दोस्तों ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी।

### छह नवंबर से चलेगी स्पेशल ट्रेन

पटना। आईआरसीटीसी बिहार के लोगों को रियायत दर पर ज्योर्तिलिंग यात्रा स्पेशल ट्रेन चलाएगी। छह नवंबर से स्पेशल ट्रेन चलेगी। ज्योर्तिलिंग यात्रा स्पेशल ट्रेन भारत दर्शन ट्रेन का कार्यक्रम 11 रात व 12 दिन का होगा। इसके अंतर्गत पांच ज्योर्तिलिंग तीर्थ स्थान के दर्शन कराए जाएंगे। यात्रियों को महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, सोमनाथ द्वारका, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, शिर्डी, शनि सिगनापुर, स्टैचू ऑफ यूनिटी के दर्शन कराए जाएंगे। जो कोलकाता से खुलकर दुमका, भागलपुर, जमालपुर व पटना होते जाएगी। बुकिंग के लिए गांधी मैदान के बिस्कोमान स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### करंट चपेट में आने से दुकानदार की मौत

**आरा।** सहार थाना क्षेत्र के एकवारी बाजार पर शनिवार की शाम करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत हो गई। मृत किशोर मड़नपुर गांव निवासी मुन्ना लाल का बेटा मिठू कुमार था। जो मेले में श्रृंगार की दुकान लगाकर परचूनी सामान बेचते हैं। शनिवार की शाम मिट्ठू एकवारी बाजार पर अपनी श्रृंगार का दुकान लगा रहा था। वहां हाईटेंशन तार टूटकर गिरा पड़ा था। दुकान लगाने के दौरान वह उसी तार में स्पर्श कर गया।

# कार्रवाई : सुशील मोदी को धमकी देने वाले को प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया पटना

- वर्द्धमान का सुदीप्तो ने रची थी साजिश, आसनसोल के जेल में बंद था अब तक
- पहले भी कर चुका है इस तरह के काम, मुजफ्फरपुर जेल को ब्लास्ट करने की दी थी धमकी

केटी न्यूज/पटना



पत्र के माध्यम से भाजपा नेता व बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। डाक के जरिए 20 सितंबर को धमकी भरा लेटर सुशील कुमार मोदी को भेजा गया था। अब एक महीने बाद पटना पुलिस ने इस केस का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार धमकी भरा लेटर सुदीप्तो कुमार राय ने भेजा था। जो पिछले कई दिनों से आसनसोल के जेल में बंद है। इस केस में उसे प्रोडक्शन वारंट पर शनिवार को पटना लाया गया और कोर्ट में पेश किया गया। बताते चलें कि कदमकुआं थाने के तहत भाजपा के राज्यसभा सांसद का घर है। धमकी भरा लेटर इनके घर पर आया था। लेटर में धमकी देने वाले ने अपना नाम चम्पा सोम लिखा था।

उस पर पूर्वी वर्द्धमान जिले के वर्द्धमान सदर थाना के तहत रायन इलाके का पता लिखा हुआ था। इस मामले में पटना के कदमकुआं थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जांच करते हुए पटना पुलिस की टीम वर्द्धमान में चम्पा सोम के पास पहुंची। इससे पूछताछ में पता चला कि वकालत कर रहे सुदीप्तो कुमार राय से उसका विवाद हुआ था। उसने ही उसे फंसाने के लिए ऐसी साजिश रची होगी। क्योंकि, भाजपा नेता को वो जानती तक नहीं है। तो ऐसे में वो धमकी कैसे दे सकती है!

### मुजफ्फरपुर जेल को ब्लास्ट कर उड़ाने की दे चुका है धमकी

चम्पा सोम के बयान के आधार पर पटना पुलिस की जांच आगे बढ़ी। पुलिस ने वर्द्धमान कोर्ट के लॉ क्लर्क अस्मत शेख से बात कर केस की पड़ताल की। तब कुछ नई बातें सामने आई। मुजफ्फरपुर जेल को ब्लास्ट कर उड़ाने की धमकी सुदीप्तो पहले दे चुका है। उस वक्त उसने वर्द्धमान कोर्ट के बड़ा बाबू बप्पा चटर्जी को फंसाने के लिए ऐसा किया था। इस मामले में इसी साल 23 अगस्त को आसनसोल में एक एफआईआर दर्ज हुई थी। जिसके बाद आसनसोल की पुलिस ने सुदीप्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तब से वो जेल में बंद है। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल अम्बरीश राहुल के अनुसार जेल जाने से पहले उसने भाजपा नेता को धमकी भरा लेटर भेजा था। प्रोडक्शन वारंट के जरिए शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया।

छठ से पूर्व सरकार की बड़ी सौगात, सभी प्रभावित परिवारों के खाते में भेजी गई राहत राशि

# सूखा प्रभावित जिलों के 2,04,280 लाभुकों के खाते में भेजे जाएंगे 71,49,80,000 हजार रुपये

- विभाग के अधिकारी व सभी जिलों के डीएम को शीघ्रातिशीघ्र राशि हस्तांतरित करने का निर्देश
- सीएम का सख्त फरमान - कोई भी प्रभावित परिवार छूटे नहीं, इसका ख्याल रखें

केटी न्यूज/पटना


वीडियो कॉन्फ्रेसिंग करते सीएम, डिप्टी सीएम व अन्य

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्ष 2022 में राज्य के सूखा प्रभावित जिलों के प्रभावित परिवारों को विशेष सहायता के वितरण कार्य का रिमोट द्वारा शुभारंभ किया। राज्य के 11 सूखाग्रस्त जिलों के 96 प्रखंडों के 937 पंचायतों के 7841 राजस्व ग्रामों एवं इसके अंतर्गत आनेवाले सभी गांव टोलों तथा बसावटों के सभी प्रभावित परिवारों को विशेष सहायता के रूप में ग्रेच्यूटस रिलीफ (जीआर) की राशि 3500 रुपये प्रति परिवार की दर से उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जा रही है। त्योहारों के पहले बड़ी सौगात देते हुये आज 11 जिलों गया, औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद, नालंदा, मुंगेर, शेखपुरा, लखीसराय जमुई, भागलपुर एवं बांका के 2 लाख 4 हजार 280 लाभुकों के खाते में 3500 रुपये प्रति परिवार की दर से 71 करोड़ 49 लाख 80 हजार रुपये हस्तांतरित की गयी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छठ से पूर्व सभी प्रभावित परिवारों के खाते में राहत राशि का हस्तांतरण अवश्य कराएं। कोई भी प्रभावित परिवार छूटे नहीं, इसका ख्याल रखें। विभाग के अधिकारी और सभी जिलों के जिलाधिकारी इस कार्य को शीघ्रातिशीघ्र कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनियमित एवं अल्प वर्षापात के कारण उत्पन्न सुखाड़ की स्थिति की लगातार समीक्षा की गयी। कृषि विभाग को पूरी स्थिति का आकलन कर प्रभावित प्रखण्डों, पंचायतों, गांवों एवं टोलों को चिह्नित करने तथा सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। राज्य के सूखा प्रभावित जिलों के प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक के सभी गांवों, टोलों तथा बसावटों के प्रभावित परिवारों को विशेष सहायता दी जा रही है। खुशी की बात है कि आज इसकी शुरूआत हो गई है। इससे प्रभावित परिवारों को विशेष सहायता की राशि प्राप्त हो सकेगी और उन्हें राहत मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान सभी सूखाग्रस्त 11 जिलों के जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि छठ महापर्व के पूर्व सभी प्रभावित परिवार के खातों में राशि हस्तांतरित करा दी जाएगी, इससे त्योहारों के दौरान लोगों को सहूलियत होगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत आपदा प्रबंधन सह जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने हरित पौधा भेंटकर किया।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य मनीष कुमार वर्मा, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, कृषि विभाग के सचिव एन. सरवन कुमार, आपदा प्रबंधन सह जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे। जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11 जिलों के जिलाधिकारी एवं लाभुक जुड़े हुए थे।

# रेलवे का तोहफा : थावे से पटना के लिए नई पूजा स्पेशल ट्रेन, यात्रियों को होगा फायदा

केटी न्यूज/छपरा



दानापुर रेल मंडल ने त्यौहारों को देखते हुए ट्रेनों में होने वाली यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये जनता की सुविधा हेतु 03215/03216 पटना- थावे-पटना पूजा विशेष मेंमू गाड़ी का संचलन पटना से 21 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक प्रति दिन तथा 21 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक प्रति दिन थावे से 24 फेरों के लिए किया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से रेलवे के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस ट्रेन से संचालन से छपरा सहित आसपास के लोगो को राजधानी पटना से जुड़ने में आसानी हो जाएगी। यह ट्रेन थावे से चलकर शाम 8:10 में छपरा ग्रामीण पहुचेगी जबकि पटना से चलने के बाद 3 बजे शाम में पहुचेंगे।

03215 पटना-थावे पूजा विशेष मेंमू गाड़ी 21 अक्टूबर से 13 नवम्बर, 2022 तक प्रति दिन पटना से 12:10 बजे प्रस्थान कर फुलवारी शरीफ से 12 :22 बजे, पाटलिपुत्रा से 12 :45 बजे, दीघा ब्रिज हाल्ट से 12 :51 बजे, दिघवारा से 13 :52 बजे, छपरा ग्रामीण जं से 15:00 बजे, खैरा से 15 :13 बजे, मढ़ौरा से 15 :32 बजे, मसरख से 15 :48 बजे, राजपट्टी से 16 :03 बजे, दिघवा डुबौली से 16 :18 बजे, सिधवलिया से 16 :35 बजे, रतन सराय से 16 :48 बजे, गोपालगंज से 17:17 बजे छूटकर थावे 17 :40 बजे पहुंचेगी ।

वापसी यात्रा में 03216 थावे-पटना पूजा विशेष मेंमू गाड़ी 20 अक्टूबर से 13 नवंबर, 2022 तक प्रति दिन थावे से 18 :25 बजे प्रस्थान कर गोपालगंज 18 :35 बजे, रतन सराय से 18 :58 बजे, सिधवलिया से 19 :12 बजे, दिघवा डुबौली से19 :33 बजे, राजपट्टी से 19 :49 बजे, मसरख से 20 :02 बजे, मढ़ौरा से20 :29 बजे, खैरा से 20 :44 बजे, छपरा ग्रामीण जं से 21 :10 बजे, दिघवारा से 21:32 बजे, दीघा ब्रिज हाल्ट से 23 :00 बजे, पाटलिपुत्रा से 23 :10 बजे, फुलवारी शरीफ से 23 :35 बजे प्रस्थान कर पटना 23 :45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी की संरचना में सभी कोच साधारण श्रेणी के होंगे।

### पीएम आवास योजना के तहत लाभुकों को मिली घर की चाबी

**बांका।** दीपावली के अवसर पर धनतेरस के दिन जिले में शनिवार को जिले भर में 887 परिवारों को आशियाना मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इन लोगों को नव निर्मित घर का चाबी सौंपा गया। इसमें सबसे अधिक चांदन प्रखंड़ में 133 लाभुकों को आवास सौंपा गया। बांका सदर प्रखंड में 44 लाभुकों को घर सौंपा गया। डीडीसी कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जिले में आवास योजना का काम काफी तेजी से चल रहा है। सभी जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए लगातार मानीटरिंग भी की जा रही है। इस योजना में जहां कहीं भी गड़बड़ी का मामला सामने आ रहा है, उस पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि धनतेरस के मौके पर जिले के सभी प्रखंडों के 830 परिवारों को गृह प्रवेश कराया गया है।

## डेंगू का प्रकोप : राजधानी की हालत सबसे खराब, मरीजों की संख्या 4390

केटी न्यूज/पटना



राज्य में में डेंगू प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। डेंगू को लेकर राजधानी पटना की हालत सबसे खराब है कि डेंगू पीड़ितों की संख्या ने पिछला सारा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पटना के अस्पतालों में बीते दिन डेंगू की जांच में 502 मरीज मिले हैं। इनमें 261 पटना के हैं। साथ ही पटना में डेंगू मरीजों की संख्या 4390 हो गई है। केंद्रीय टीम ने पटना के अस्पतालों का निरीक्षण किया और अफसरों से मीटिंग की। पटना के पीएमसीएच में 13, एनएमसीएच में 77, पटना एम्स में 44 और आईजीआईएमएस में 35 मरीज भर्ती हैं। अजीमाबाद अब भी डेंगू से सबसे अधिक प्रभावित इलाका है। शुक्रवार को अजीमाबाद में 58, वांकीपुर में 55, कंकड़बाग में 14, पटना सिटी में 9, पाटलिपुत्र में 20, नूतन राजधानी अंचल में 13 मरीज मिले हैं। वहीं, विपक्ष का कहना है कि राज्य के कई सरकारी अस्पतालों में डेंगू वार्ड में बेड की कमी पड़नी शुरू हो गई है। जिसके बाद सरकार ने 4 सदस्य केंद्रीय टीम का गठन किया। जिसने डेंगू की स्थिति का जायजा लेने के लिए राजगीर और बिहार शरीफ के कुछ इलाकों का भी दौरा किया, जहां बड़ी संख्या में डेंगू के मामले सामने आए हैं।

## अगर पैदल चल कर पब्लिसिटी मिल रही है, तो नीतीश भी चले पैदल : पीके

केटी न्यूज/पटना

राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके राजनीतिक सलाहकार रह चुके प्रशांत किशोर के बीच का रार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते एक माह से दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है, दोनों एक दूसरे के खिलाफ आग उगल रहे हैं। हाल में ही प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि बहुत जल्द वह बीजेपी के साथ गठबंधन कर लेंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि राज्यसभा में उपसभापति जदयू के हरिवंश हैं और वही दोनों दलों के बीच की कड़ी है। इस बयान के बाद राजनीति काफी तेज हो गई। पीके पर जदयू, आरजेडी और बीजेपी ने जमकर हमला किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रशांत किशोर के इस हमले के बाद कहा कि वह पब्लिसिटी पाने के लिए जन सुराज यात्रा निकाले हुए हैं। उससे बहुत कुछ फायदा नहीं होने वाला है। यहां तक की मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रशांत किशोर के बारे में उनसे सवाल न किया जाए। वह उनको बहुत सम्मान देते थे, लेकिन उन्होंने सम्मान की इज्जत नहीं रखी। इसके बाद पीके ने भी नीतीश कुमार पर हमला करते हुए शनिवार की सुबह-सुबह ट्वीट के जरिए कहा- यदि नीतीश कुमार का बीजेपी या एनडीए से कोई रिश्ता नहीं है तो जेडीयू के एमपी राज्य सभा में उपसभापति क्यों है एक साथ ये कैसे हो सकता है।

प्रशांत किशोर ने कहा कि यदि नीतीश कुमार ने पब्लिसिटी की बात कही है, तो मैं गांव गांव घूम रहा हूं, मुझे पब्लिसिटी करना होता तो मैं पटना में बैठकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करता रहता। अगर पैदल चल कर पब्लिसिटी मिल रही है तो मैं नीतीश कुमार को सुझाव दूंगा कि वह भी पैदल चलकर पब्लिसिटी उठाएं।

## बेऊर थाने के एक जमादार सहित 4 सिपाही गिरफ्तार, भेजे गए जेल

के टी न्यूज/पटना

राजधानी के एसएसपी मानव जीत सिंह ढिल्लों ने शनिवार को बेऊर थाने के एक जमादार सहित 4 सिपाही को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। मामला बेउर जेल से जुड़ा है, जहां कैदियों को जेल से वापस ले जाने के क्रम में इन पुलिसकर्मियों पर पैसा लेकर मोबाइल खरीदवाने का आरोप लगा है। पटना वरीय आरक्षी अधीक्षक मानव जीत सिंह ढिल्लो ने इस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। साथ ही उन पर बेउर थाने में मामला दर्ज कर शनिवार को उन्हें जेल भेज दिया गया।

बताते चलें कि पटना के सबसे संवेदनशील जेल आदर्श केंद्रीय कारा में शुक्रवार की देर रात भारी मात्रा में जेल प्रशासन ने मोबाइल फोन, चार्जर, नशीली दवाइयां और कई आपत्तिजनक सामान को जप्त किया था। जेल में भारी मात्रा में मोबाइल मिलने की सूचना से जेल प्रशासन के बीच हड़कंप मच गई थी। जेल प्रशासन ने इस मामले में बेउर थाने में 4 बंदियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

# मौसम में बदलाव शुरू, सूबे में 30 नवंबर तक रफ्तार पकड़ने लगेगी ठंड

- सूर्य अस्त होने के बाद तापमान में देखी जा रही गिरावट
- सर्दियों के मौसम में बीपी के मरीजों की बढ़ सकती है समस्या अधिक

केटी न्यूज/पटना



सूबे में ठंड ने दस्तक दे दी है। जिसकी वजह से मौसम का मिजाज लगातार बदलता जा रहा है। हालांकि, राज्य के क्षेत्रफल से मानसून अब पूरी तरह से लौट चुका है, जिसकी वजह से अहले सुबह में लोगों को हल्की ठंड की दस्तक हो गई है। सुबह और शाम में तापमान में गिरावट दर्ज करने का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आएगी, जिसके कारण धीरे-धीरे ठंड बढ़ने के आसार हैं। 30 नवंबर तक ठंड रफ्तार पकड़ने लगेगी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश का मौसम अगले 3 दिनों तक शुष्क बना रहेगा। आकाश पूरी तरीके से साफ रहेगा। साथ ही इसी बीच 10 किलोमीटर की गति से हवा चलने की संभावना जताई जा रही है। दिन में तापमान सामान्य रह रहा है, लेकिन सूर्य अस्त होने के बाद तापमान में गिरावट देखी जा रही है। पटना का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज होगी।

**बदलते मौसम में लोगों के बीमार होने के आसार अधिक :** मौसम में लगातार बदलाव को देखते हुए चिकित्सकों ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बदलते मौसम में अक्सर लोगों के बीमार होने के आसार बढ़ जाते हैं। इस मौसम में बीपी के मरीजों की समस्या अधिक बढ़ सकती है। वहीं, पटना में गंगा का जलस्तर घटने लगा है। हालांकि अभी भी गंगा, गांधी घाट पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। लेकिन पिछले एक-दो दिन से गंगा का जलस्तर घटने लगा है, जिसके कारण घाटों को अब छठ पर्व के लिए तैयार किया जा रहा है। दीघा, जनार्दन व पाटी पुल घाट पर साफ-सफाई के साथ मिट्टी को समतल करने का काम शुरू हो गया है।

**जून माह में 172.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज :** विभागीय प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में 22 अक्टूबर के दिन न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस। 23 अक्टूबर के दिन पटना में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, इस साल प्रदेश में जून के महीने में 172.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा जुलाई महीने में 134.7, अगस्त में 170.1, सितंबर में 206.2 और अक्टूबर महीने में 80.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अक्टूबर महीने में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। वहीं बाकी महीनों में सामान्य से काफी कम बारिश दर्ज की गई है।

सुविचार



जीयर स्वामी

जान बूझकर किये गए पाप का प्रायश्चित नहीं होता, अच्छे कर्म करें।

**बड़ी खबर** बालू घाट पर वर्चस्व को लेकर हुई गोलीबारी...

केशव टाइम्स

शाहाबाद, 23 अक्टूबर 2022

शाहाबाद

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com



# जागरूकता : छठ घाटों पर होगा राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित प्रचार-प्रसार

- ❒ पंपलेट वितरण के लिए पारा विधिक स्वयं सेवक प्रतिनियुक्ति
- ❒ बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर चलेगा विशेष अभियान

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



बैठक की अध्यक्षता करते डीएम व अन्य

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेशानुसार छठ पूजा के अवसर पर जिले के छठ घाटों पर राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित विधिक जागरूकता एवं राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित प्रचार-प्रसार के लिए 30 एवं 31 अक्टूबर को पंपलेट के साथ पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रतिनियुक्ति किया गया है। पारा विधिक स्वयं सेवक का दायित्व होगा कि प्रचार-प्रसार में सहयोग, छठ पर्व के मेला के दौरान विछड़े हुए परिवारों को मिलाने में सहयोग हेतु स्थानीय छठ पूजा समिति व समितियों सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ सहयोग करेंगे।

इस दौरान बताया गया कि बिहार राज्य प्रदूषण सेवा प्राधिकार पटना के आदेशानुसार यह कार्यक्रम "एक दिया विधिक सेवा के नाम" अभियान के दौरान विधिक जागरूकता का आयोजन किया जाएगा। "'एक दिया विधिक सेवा के नाम" अभियान के तहत सभी प्रतिनियुक्त पारा विधिक स्वयं सेवक को द्वारा अपने-अपने प्रतिनियुक्त छठ घाटों पर राज्य में अतिशबाजी-पटाखा निर्माण के संबंध में अति आवश्यक सूचना/जानकारी दिया जाएगा। जिसमें गत दिनों में राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अवैध अतिशवाजी व पटाखा निर्माण इकाईयों एवं जान-माल की हानि के संबंध सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाएगा कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा पूरे राज्य में किसी भी आतिशबाजी/पटाखा निर्माण इकाई को जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण), अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदुषण निवारण एवं नियंत्रण), अधिनियम, 1981 के तहत न स्थापनार्थ सहमति (Consent to Establish) और न ही संचालनार्थ सहमति जारी की गई है। इस संबंध में सभी जागरूक नागरिकों से अपील है कि अपने आसपास संचालित ऐसी इकाई की सूचना बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को पर्षद के ईमेल grievance@bspcb.in अथवा पर्षद के व्हाट्सअप नंबर 7070379277 पर भेज सकते हैं, ताकि इन पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए इसका संचालन बंद कराया जा सके।

साथ ही, वायु प्रदूषण (ध्वनि समेत) पर नियंत्रण हेतु अति आवश्यक सूचना की भी जानकारी दी जाएगी। विभिन्न भौगोलिक गतिविधियों के कारण ठंड के मौसम में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, जिससे मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे शहरों में वायु प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित रखने हेतु माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा मूल आवेदन संख्या 249/2020 में दिनांक 05 नवंबर, 2020 को सुनवाई के उपरांत पारित आदेश में निदेश दिया गया है।

## शहर छोटी खबरें

### 24 घंटे बाद मिला किशोर का शव

**रोहतास।** जिला मुख्यालय में सासाराम के लालगंज नहर में शनिवार को किशोर का शव बरामद कर लिया गया। नहर में पानी कम होने पर गोताखोर 24 घंटे बाद शव खोजने में कामयाब हुए। मौके पर मौजूद-पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है। लालगंज के स्व सरोज कुमार का 17 साल का बेटा बादल कुमार शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ छठ घाट बनाने गया था। काम खत्म करने के बाद दो दोस्त नहर में स्नान करने लगे। नहाने के क्रम में वे आगे बढ़ गए और गहरा पानी एवं तेज बहाव के कारण डूबने लगे। मौके पर मौजूद एक को लोगों ने बचा लिया, परंतु बादल नहर के तेज बहाव में बह गया था। डूबे किशोर की खोज में गोताखोर लगाए गए थे, परंतु कल शव बरामद नहीं हो सका था। नहर में पानी कम होने पर आज शव बरामद किया जा सका।

### प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने की पति की हत्या

**रोहतास।** पुलिस ने चेनारी हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। दरअसल एसपी आशीष भारती ने शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि युवक की हत्या प्रेमप्रसंग में की गई थी। हत्या की साजिश मृतक की पत्नी द्वारा प्रेमी संग मिलकर की गई थी। मामले में पत्नी, प्रेमी समेत चार की गिरफ्तारी की गई है। उन्होने बताया कि मामले में मृतक के पिता के द्वारा चेनारी थाने में मामला दर्ज कराया गया था। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए चेनारी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान भी किया जा रहा था।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**आरा।** जिले में आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर अनुमंडलीय अस्पताल के पास शनिवार को दो मैजिक वाहन और बोलेरो की सीधी भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरातफरी मची रही। घटना के बाद तीनों वाहन के ड्राइवर मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के विमवां गांव निवासी ललित साह के 19 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में की गई। वह पेशे से मजदूर था और गाड़ी पर से सामान लोड एवं अनलोड करने का काम करता था। इधर, मृतक के मामा संजय साह ने बताया कि राकेश मैजिक वाहन पर सामान अनलोड करने के लिए शाहपुर गया था।

# बालू घाट पर वर्चस्व को लेकर हुई गोलीबारी में पांडेय गिरोह के शागिर्द सहित दो गिरफ्तार

## दो गोली, एक खोखा, एक चार पहिया वाहन, दो बाइक और तीन मोबाइल बरामद

- ❒ कोईलवर थाना के राजापुर महुली बालू घाट से पुलिस ने दोनों को पकड़ा

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कोईलवर थाना अंतर्गत राजापुर महुई बालू घाट के पास वर्चस्व को लेकर फिर गोलीबारी हुई। कुख्यात बालू माफिया सत्येंद्र पांडेय के गिरोह द्वारा दहशत पैदा करने के लिए फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि फायरिंग की घटना में किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। उस मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पांडेय गिरोह के एक शागिर्द सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनमें कोईलवर के राजापुर गांव निवासी राहिल कुमार गुप्ता उर्फ विक्की और पटना के पालीगंज थाना क्षेत्र के मधवा गांव निवासी नीतीश कुमार शामिल हैं। मौके से 0.315 बोर की दो गोली, पिस्टल का एक खोखा, एक चारपहिया वाहन, दो बाइक और तीन मोबाइल भी जब्त किया गया है। एसपी संजय कुमार सिंह ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीस अक्टूबर को कोईलवर थाने के राजापुर के सामने महुली घाट के पास फायरिंग होने की सूचना मिली। उस आधार पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी की गयी। उस दौरान हथियार तो नहीं बरामद हो सका, लेकिन खोखा, गोली, बाइक और एक चारपहिया वाहन बरामद की गयी। मौके से दोनों लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। उसमें एक का संबंध सत्येंद्र पांडेय गिरोह से है। जब्त बाइक और चारपहिया वाहन की जांच की जा रही है। हथियार के बारे में जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि छानबीन के दौरान वर्चस्व को लेकर फायरिंग किये जाने की बात सामने आ रही है।



### किसानों का विरोध करने पर की गई थी फायरिंग

बताया जा रहा है कि जेल में बंद कुख्यात माफिया सत्येंद्र पांडेय के पुत्र अंकित पांडेय द्वारा अपने साथियों के साथ राजापुर गांव के दो किसानों के खेत से बालू काटा जा रहा था। उस पर किसानों के घर के सदस्यों द्वारा विरोध किया गया था।

उसके बाद दहशत पैदा करने के लिए अंकित पांडेय और उसके साथियों द्वारा राजापुर महुई घाट के पास फायरिंग की गयी थी।

उसे लेकर कोईलवर थाने में पुलिस की ओर से नामजद और 10-15 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

उसमें कोईलवर थाने के पचरूखिया गांव निवासी सत्येंद्र पांडेय के पुत्र अंकित पांडेय और राजापुर गांव के रहने वाले शुभम सिंह को नामजद आरोपित किया गया है।

### काफी लंबा है सत्येंद्र पांडेय का आपराधिक इतिहास

पचरूखिया गांव के कुख्यात बालू माफिया सत्येंद्र पांडेय का एक बकायादा गिरोह है। उसका मुख्य धंधा बालू घाटों पर अवैध कब्जा और वर्चस्व को लेकर फायरिंग करना है। सत्येंद्र पांडेय का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। बालू तस्करी के अलावे उस पर हत्या, रंगदारी और पुलिस पर फायरिंग सहित अन्य मामले हैं। इसी साल जनवरी माह में बाल डबल घाट पर डबल मर्डर केस में भी उसके गैंग का नाम आया था। फिलहाल वह जेल में बंद है। पुलिस के अनुसार सत्येंद्र पांडेय के जेल जाने के बाद उसका पुत्र अंकित पांडेय गिरोह का संचालन कर रहा है।

# 240 गांवों का मैप हो चुका है अपडेट

- ❒ जिलाधिकारी ने राजस्व ग्रामों का किस्तवार एवं खानापूरी कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



बैठक करते डीएम व अन्य

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आज बंदोवस्त एवं विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें बैठक संबंधित पदाधिकारी एवं कानूनगो के साथ करते हुए कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में बंदोवस्त पदाधिकारी उपेन्द्र प्रसाद ने बताया कि जहानाबाद जिला अंतर्गत प्रथम चरण में कुल 10 शिविरों का गठन कर 240 राजस्व ग्रामों का ग्राम सीमा सत्यापन पूर्ण करते हुए कार्यकारी एजेंसी को भूमि का नक्शा उपलब्ध करा दिया गया है। जिसमें अबतक प्रथम चरण में किस्तवार हेतु कुल 240 राजस्व ग्रामों का अपडेट मानचित्र आईआईसी एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराया गया है। आईआईसी एजेंसी द्वारा अबतक 240 राजस्व ग्रामों का मानचित्र उपलब्ध कराया गया है, जिसमें 181 राजस्व ग्रामों किश्तवार पूर्ण किया गया हैं तथा 144 राजस्व ग्राम का खानापूरी प्रारंभ है और 73 राजस्व ग्रामों का खानापूरी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही, 14 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र 6 इंट्री कर एलपीएम वितरण कर दिया गया है, 07 राजस्व ग्रामों में प्रारूप प्रकाशन कर लिया गया है। जिसमें राजस्व ग्राम परमेश्वरपुर का विश्रांति कार्य के पश्चात प्रपत्र 19 में नया खेसरा पंजी तैयार कर अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि प्रथम चरण का माह दिसम्बर, 2022 तक 240 राजस्व ग्रामों का किस्तवार एवं खानापूरी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

# डीएम ने छठ घाटों की सफाई व बैरिकेडिंग का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आहूत की गई। सर्वप्रथम जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में आए हुए शांति समिति के सदस्यों के द्वारा छठ पर्व को लेकर अपना अपना विचार जिला पदाधिकारी महोदय के समक्ष रखा गया। जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को घाटों की साफ-सफाई करने, लाइटिंग की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर को निर्देश दिया गया कि सभी घाटों पर बैरिकेडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बक्सर एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर के निर्देशन में छठ घाटों पर पर्याप्त संख्या में सैंड बैग रखने का निर्देश दिया गया।

### बिजली कर्मी को चाकू मार लाख रुपए लूटे

**रोहतास।** जिले के सासाराम प्रखण्ड में एनएच टू फोरलेन पर शनिवार शाम एक बिजली कर्मी को चाकू मार अपराधकर्मियों ने तीन लाख रुपए लूट लिए है। घायल बिजली कर्मी को सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। डेहरी नगर थाना क्षेत्र के सुलेमान अंसारी का बेटा अफताब आलम बाइक से तीन लाख रुपए लेकर सासाराम आ रहा था, जो उन्हें किसी को देना था। इस क्रम में वह धैडाढ़ ओपी क्षेत्र में फोरलेन पर जा रहा था, तो एक बाइक पर सवार दो लोगों ने उसे रोका।

# 6 नवंबर को 11 नंबर लख सोन नहर से शुरू होगा हाफ मैराथन

**केटी न्यूज/बक्सर**



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग तथा जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वावधन में शनिवार को नशा मुक्त बिहार मिनी मैराथन का आयोजन समिति का बैठक जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में हुई। जिसका आयोजन कला संस्कृति एवं युवा विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के ज्ञापांक 1174 पटना, 10 अक्टूबर के आलोक में किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 नवंबर को हाफ मैराथन 11 नंबर लख सोन नहर से शुरू होगा और बभनी पुल से 900 मीटर में समाप्त किया जाएगा। इस मैराथन प्रतियोगिता को दो वर्गों में बांटा गया है। अंडर-16 बालक/बालिका और 16 वर्ष से महिला/पुरुष हाफ मिनी मैराथन में भाग ले सकते हैं। अंडर-16 बालक/बालिका 5 किलोमीटर और महिला/पुरुष 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 10 किमी की दूरी तय किया गया है। अंडर-16 के धावक के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा बक्सर के कार्यालय में निबंधन करा सकते हैं बिना निबंधन कोई भी धावक भाग नहीं ले सकते हैं। बैठक में मद्य निषेध पदाधिकारी बक्सर, जिला शिक्षा पदाधिकारी के प्रतिनिधि, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि, प्रभारी पदाधिकारी एनसीसी बक्सर, नोडल पदाधिकारी उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा बक्सर उपस्थित थे।

# आभूषण कारोबारी से लूट व गोली मारने में दो अपराधी गिरफ्तार, दो की तलाश

- ❒ पुलिस ने बरामद किया चांदी की सिकड़ी, चार कानबाली बरामद व दो मोबाइल
- ❒ एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम को तकनीकी जांच के जरिए मिली सफलता

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के चांदी मठिया टोला के पास आभूषण कारोबारी को गोली मार लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने लूट में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार भी कर लिया है। उनके पास से लूटा गया चांदी का एक सिकड़ी और चार कानबाली बरामद हुआ है। दो मोबाइल भी मिला है। गिरफ्तार लुटेरों में चरपोखरी थाने क्षेत्र के प्रीतमपुर गांव निवासी रविशंकर सिंह उर्फ भुअल यादव और सूर्यपुरा टोला निवासी विकास कुमार शामिल हैं। पुलिस को अभी इस मामले में लाइनर सहित अपराधियों की तलाश है। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि नौ अक्टूबर को गांवों में घूमकर छोटे-छोटे गहने बेचने वाले से लूटपाट की गयी थी। विरोध करने पर गोली मार दी गयी थी। कारोबारी से करीब बीस हजार के चांदी के गहने की लूट की गयी थी।

उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गयी थी। तकनीकी जांच और मानवीय सूचना के जरिए घटना में शामिल चार अपराधियों की पहचान की गयी। उसके बाद शुक्रवार की रात दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में चरपोखरी थानाध्यक्ष निकुंज भूषण, दारोगा हरि शर्मा, राजाराम प्रसाद और डीआईयू के दारोगा संजय कुमार सिन्हा शामिल थे।

**लूट और गोली मारने में लाइनर की भूमिका भी आयी सामने :** आभूषण कारोबारी से लूट और गोली मारने में लाइनर की भूमिका भी आयी है। वह उसी गांव का रहने वाला है। लूट में शामिल अपराधी नये बताये जा रहे हैं। हालांकि उनका कनेक्शन इलाके के एक आपराधिक गिरोह से है। पुलिस के अनुसार लूट में शामिल एक अपराधी गिरोह के लीडर का रिश्ते में चाचा बताया जा रहा है। गिरोह के सरगना का चरपोखरी इलाके आरा जीरो माइल तक खासा दबदबा है। एसडीपीओ राहुल सिंह के अनुसार लूटपाट और गोली मारने वाले अपराधियों का गिरोह नया है। अभी तक सभी शराब आदि के धंधे में शामिल होने की बात आ रही है। अपराधियों ने लूटपाट का विरोध करने पर गोली मार दी थी।

## एक नजर

### तियारा पंचायत में स्वच्छाग्रहियों के नेतृत्व में व्रतियों के लिए बनाया गया छठ घाट का मार्ग



छठ घाट के लिए रास्ता बनाते स्वच्छाग्रही

**राजपुर।** स्थानीय प्रखंड के तियरा पंचायत के सखुआना गांव के छठ घाट तथा वहा तक पहुंचने वाले मार्ग का निर्माण स्वच्छाग्रहियों के द्वारा किया गया। घाट तथा रास्ता निर्माण का काम पंचायत के मुखिया राम अवतार राम के नेतृत्व में चलाया गया था। सुबह से ही सभी स्वच्छाग्रही हाथों में फावड़ा, खुरपी, खाची समेत अन्य जरूरी सामान लेकर छठ घाट के पास पहुंचे था तथा वहा उगे घास व झाड़ियों की सफाई कर घाट का निर्माण किया गया। जबकि गांव से छठ घाट तक जाने के लिए कच्चा रास्ता का निर्माण भी स्चच्छाग्रहियों ने किया है। इस काम में गांव के कई युवाओं ने भी स्वेच्छा से श्रमदान किया है। स्वच्छाग्रहियों तथा मुखिया के प्रयास से घाट व रास्ता निर्माण होने से ग्रामीणों में खुशी देखी गई। पंचायत के मुखिया ने कहा कि उनका प्रयास स्वच्छ व सुंदर गांव के सपने को धरातल पर उतारना है। इसके लिए वे कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील की। जबकि स्वच्छाग्रहियों के साथ सखुआना के ग्रामीणों ने भी अपने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

### दीपावली पर कार्रवाई : गेसिंग के अड्डे पर पुलिस का छापा, दस जुआरी गिरफ्तार



**आरा।** जिले के टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा में गेसिंग के अड्डे पर छापेमारी कर पुलिस ने दस जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से जुआ खेलने वाला दो बंडल कैश मेमो, दो बोर्ड, दो पैकेट ताश, एक कैलकुलेटर, 73 सौ रुपए नगद, आठ मोबाइल और सात अपाची बाइक जब्त की गयी है। गिरफ्तार जुआरियों में श्रीटोला निवासी दिनेश प्रसाद, भलुहीपुर निवासी विजेंद्र कुमार, कृष्णानगर निवासी बिपिन बिहारी, आनंद नगर निवासी अमरजीत कुमार, अहिरपुरवा निवासी अखिलेश कुमार, रोहित कुमार, श्रीधर सिंह, धरहरा निवासी मो. राजू, भलुहीपुर छज्जनगंज के नारायण कुमार और पटना के चांदमारी निवासी आशीष कुमार शामिल हैं। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि दीपावली को लेकर गेसिंग और जुए के अड्डे पर लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को धरहरा स्थित रिजॉर्ट के पास कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिली। उस आधार पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गयी। मौके से सभी दस लोगों को गिरफ्तार किया गया। जुआ खेलने का सामान भी बरामद किया गया। टीम में नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, डीआईयू के दारोगा राकेश कुमार, कुमार रजनीकांत, संजय कुमार सिन्हा और अवधेश कुमार शामिल थे।

# फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व से किसानों को अवगत करायेगा कृषि विभाग

- ■ आत्मा के तत्वावधान में आयोजित हुआ जिला स्तरीय रबी महाभियान महोत्सव
- ■ किसानों को बिहान एप्प के साथ विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



किसानों को संबोधित करते डीएम

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), बक्सर के तत्वावधान में शनिवार को नगर भवन के सभागार में जिलास्तरीय रबी महाभियान की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन डीएम अमन समीर, डीडीसी महेन्द्र पाल, नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार व डीएओ मनोज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संचालन अमान अहमद ने की। इस मौके पर डीएम ने कहा कि जिला से पंचायत स्तर पर कृषि विभाग के कर्मी कार्यरत हैं। किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं को किसानों तक सफलतापूर्वक पहुंचाना तथा किसानों को कृषि संबंधी जानकारी दे किसानों को संतुष्ट करना ही उनके कार्यो का मूल्यांकन है।

उन्होंने कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकारों को निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में उनके संबंधित पंचायत में फसल अवशेष नहीं जलाया जायेगा। जिस क्षेत्र से फसल अवशेष जलाने की सूचना प्राप्त होगी, उस क्षेत्र के कर्मी पर कार्रवाई भी की जायेगी। केवीके पराली जलाने एवं पराली नहीं जलाने से फसल पर पड़ने वाले प्रभाव को एक मॉडल के रुप में प्रदर्शित कर किसानों को जागरूक भी करेगी।

डीएम ने स्वायल हेल्थ कार्ड पर जोर देते हुए कहा कि अभियान चलाकर खेतों के मिट्टी की जॉच करायी जाय तथा जॉचोपरांत पोषक तत्व की कमी के अनुसार संतुलित मात्रा में ही उर्वरक के प्रयोग करने की जानकारी किसानों को दी जाय। ताकि मिट्टी को बंजर होने से बचाया जा सके। डीडीसी डॉ महेन्द्र पाल ने कहा कि सभी कर्मियों को एकसाथ मिलकर टीम भावना से किसानों की समस्याओं को सुनने और समाधान करने की आवश्यकता है।

नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कृषि प्रसार कार्यकर्ता किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि तकनीक को अपनाने हेतु प्रेरित करें। फसल विविधिकरण को बढ़ावा दें। उन्होंने बिहान एप्प पर जोर देते हुए कहा कि कृषि के विकास एवं किसानों तक कृषि संबंधी योजनाओं को पहुंचाने में डिजिटल तकनीक का प्रयोग विभाग के द्वारा किया जा रहा है। इस एप्प द्वारा अंकित सूचना के आधार पर सरकार के द्वारा अल्पवृष्टि, अतिवृष्टि इत्यादि के कारण महत्वपूर्ण लिए जा रहे हैं। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जिलास्तरीय रबी अभियान का मुख्य उदेश्य सरकार द्वारा कृषि व कृषि से सम्बद्ध क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं से प्रशिक्षित करना है।

### प्रखंड स्तर पर क्रियान्वित किया जायेगा अभियान

प्रखंडस्तरीय रबी अभियान का शुभारम्भ बक्सर में 26 अक्टूबर, चौसा में 27 अक्टूबर, राजपुर में 28 अक्टूबर, इटाढ़ी में 02 नवंबर, नावानगर में 03 नवंबर, केसठ में 04 नवंबर, चौगाई में 05 नवंबर, डुमरांव में 06 नवंबर, सिमरी में 08 नवंबर, चक्की में 11 नवंबर तथा ब्रम्हपुर में 12 नवंबर को प्रखंड मुख्यालय पर किया जायेगा, तत्पश्चात उपादान वितरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।

CMYK

## जिले छोटी खबरें

### महिला थाने के दारोगा की बढ़ सकती है मुश्किले

**बक्सर।** कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद दहेज उत्पीड़न के आरोपी को हथकड़ी पहना कोर्ट परिसर में घुमाने वाली महिला थाना की दारोगा की मुश्किलें बढ़ सकती है। बता दें कि दोरोगा करूणा ने उक्त आरोपी को कोर्ट परिसर में हथकड़ी पहना घुमाया था। आरोपी के अधिवक्ता अरूण राय ने बताया कि उक्त दारोगा पर मानहानी तथा कोर्ट की अवमानना की शिकायत की जाएगी। अधिवक्ता के इस बयान के बाद यह मामला तूल पकड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 26 को मठिला में लगेगा पहलवानों का जमघट

**डुमरांव।** गोबर्द्धन पूजा के दिन 26 अक्टूबर को डुमरांव प्रखंड के मठिला गांव में एक दंगल का आयोजन किया गया है। जिसवमें देश के कोने–कोने से नामी–गिरामी पहलवान अपने दमखम व कौशल का नमूना दिखाएंगे। आयोजन समिति की मानें तो इस दंगल प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिले से चर्चित पहलवानों के अलावे मेरठ, चंदौली, बलिया, मुहम्मदाबाद तथा कैमूर के चर्चित बिछियां अखाड़े के पहलवानों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी तेज कर दी गई है। वही इस दंगल के आयोजन से कुश्ती के शौकीनों में भी खुशी व्याप्त है।

### स्वच्छताग्रही चयन के लिए हुई बैठक

**राजपुर।** प्रखंड के स्थानीय पंचायत के मुखिया अनिल सिंह ने शनिवार को अपने सभी वार्ड सदस्यों के साथ बैठक किया। इस बैठक में सभी वार्डों में सुचारू रूप से सफाई अभियान चलाने के लिए दो–दो स्वच्छताग्रही के चयन का निर्णय लिया गया। मुखिया ने वार्ड सदस्यों से दो दिनों के अंदर स्वच्छताग्रही का चयन करने को कहा। ताकी छठ पूर्व सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जा सके। उन्होंने वार्ड सदस्यों से कहा कि स्वच्छताग्रहियों के नेतृत्व में ही प्रत्येक वार्ड में सफाई अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छ व सुंदर गांव बनाने के लिए यह जरूरी है।

### ग्राम कचहरी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**राजपुर।** प्रखंड के कैथहर कलां पंचायत सरकार भवन में शनिवार को सरपंच चिंता देवी ने ग्राम कचहरी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि हरपुर सरपंच सह प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष फुटुर चंशी, सभी पंच सदस्य तथा कई गणमान्य उपस्थित थे। कार्यालय खुलने के बाद सरपंच ने कहा कि अब ग्राम कचहरी के कार्यों को निपटाने तथा संचिकाओं को सुरक्षित रखने में सहूलियत मिलेगी। वही पंच सदस्यों ने भी खुशी जताई है।

# बाजार की रौनक : पर्व की परंपराओं को पूरा करने में नहीं रही जेब की परवाह



बाजार में मूर्तियों की खरीदारी करते लोग





बाजार में उमड़ी लोगों की भीड़



बर्तन दुकान में जुटी खरीदारों की भीड़

**डुमरांव।** महंगाई तथा मंदी के दौर के बावजूद धनतेरस पर बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। नगर का बाजार सुबह से ही ग्राहकों से गुलजार रहा। देर रात तक बाजार में दुकानदार व ग्राहकों के बीच व्यवसायिक गतिविधियां जारी रही। दुकानदारों को इस बात की चिंता थी की शनिवार होने के चलते धनतेरस पर ग्राहकों की भीड़ कम रहेगी। ज्यादातर लोग शनिवार को लोहा की खरीद नहीं करते है। धनतेरस को लेकर बाजार में जबरदस्त तैयारी थी। दुकानों को बेहतर ढंग से सजाया गया था। दुकानों पर अतिरिक्त स्टाफ लगाए गए थे। ताकि लोगों की भारी भीड़ को संभाला जा सके और उनकी जरूरत समान की पूर्ति की जा सके। शहर के सभी बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक व वाहन एजेंसी पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही थी। स्टेशन रोड राज गोला बाजार मेन रोड राजगढ़ चौक पर बर्तन दुकानों में पूरे दिन धक्का-मुक्की होते रही। धनतेरस पर माता लक्ष्मी को रिझाने के अलग-अलग उपाय हुए। परंपरा के अनुरूप झाड़ू की खरीदारी कर लोगों ने माता लक्ष्मी को अपने घर तक बुलाने के उपाय किए। ऐसा कोई नहीं था जिसके हाथ में आज झाड़ू न था।

# जमीन के विवाद में मानिकपुर में खूनी संघर्ष, एक की मौत व कई लोग जख्मी

## हिंसक झड़प में महिलाओं ने भी धारदार हथियार से किया वार, एक की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/सिमरी**

जिले के तिलक राय का हाता ओपी थाना अंतर्गत मानिकपुर गांव में शुक्रवार की देर रात जमीन को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जिसमें एक पक्ष ने लाठी-डंडे, रामा, धारदार हसिया तथा अन्य घातक हथियारों का प्रयोग कर दूसरे पक्ष के लोगों को लहूलुहान कर दिया। जिसमें आधा दर्जन से भी अधिक लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। इलाज के लिए अस्पताल जाने के क्रम में एक व्यक्ति ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे की गंभीर स्थिति को देखते हुए सिमरी पीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जिसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हालांकि, घटना में घायल अन्य लोग अब खतरे से बाहर है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने स्थानीय पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया जा है। साथ ही, घटना के बाद से गांव में तनाव बरकरार है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हिंसक झड़प के बाद शिव शंकर रजक (45 वर्ष) की मौत हुई है और



रोते बिलखते परिजन

- घटना के बाद खौफजदा हुए ग्रामीण, लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप
- अस्पताल से भागे दूसरे पक्ष के लोग, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

गंभीर रूप से जख्मी रामेश्वर रजक फिलहाल पटना में इलाजरत है। इनके अलावा इस पक्ष के तिलेश्वर रजक, उपेंद्र रजक और फूल कुमारी देवी भी बुरी तरह जख्मी हुई हैं।

**पुलिस ने कहा- अब तक नहीं मिला आवेदन :** शिव शंकर के सर इन लोगों ने ईंट पिटने वाले धुरमुस से वार किया था। जबकि किरण देवी धारदार हसिया से इन लोगों पर वार कर रही थी। जब शिव शंकर और रामेश्वर खून से लथपथ हो गिर पड़े, तब वे लोग भाग खड़े हुए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन आरोपी भी जख्मी होने का हवाला दे इलाज कराने चले गए थे। इधर, शिव शंकर की मौत की खबर मिलते ही सभी फरार हो गए हैं। सूत्रों का कहना है कि यदि पुलिस ने तत्परता दिखाई होती तथा अभिरक्षा में जख्मियों का इलाज करवाया होता तो सभी आरोपी रात में ही पकड़े जा सकते थे। घटना के बाद पुलिस पर कई तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। तिलक राय के हाता ओपी थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी पक्ष के द्वारा शिकायत दर्ज नहीं करवाया गया है। हालांकि पीड़ित पक्ष के तिलेश्वर रजक द्वारा आवेदन दिए जाने की बात कही जा रही है।

### लंबे समय से चल रहा था विवाद

वहीं, घटना में दूसरे पक्ष के लोग भी जख्मी हुए थे, लेकिन जैसे ही शिव शंकर की मौत की खबर मिली सभी अस्पताल से ही भाग खड़े हुए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल दो लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि घटना के दूसरे दिन भी मामले में एफआइआर दर्ज नहीं हो सका था।

मिली जानकारी के अनुसार शिव शंकर रजक और शिवजी रजक दोनों आपस में पट्टीदार हैं। इनके बीच पुश्तैनी जमीन की हिस्सेदारी का विवाद लंबे समय से चल रहा था। शिव शंकर रजक का पक्ष कई बार थाने में आवेदन देकर लगा चुका था। शुक्रवार को भी विवादित भूखंड पर निर्माण कार्य करने लगा, तो ये लोग थाना पर आए थे। लेकिन चौकीदार ने इन्हें घटनास्थल पर चलने को कहा गया। वहां जाते हैं दूसरे पक्ष ने धारदार हथियारों से इन लोगों पर अचानक हमला कर दिया। जब तक यह लोग कुछ समझ पाते तब तक शिव शंकर और रामेश्वर को गंभीर चोट लग चुकी थी। उस पक्ष के शिवजी राजक के साथ भिखारी रजक, राजा रजक, रवि रजक, अंजनी रजक मुन्ना राजक, किरण देवी व सोना देवी आदि मिलकर पीड़ित पक्ष पर घातक हथियारों से हमला किया था।

## एक नजर

### स्नातक निर्वाचन क्षेत्र गया से उम्मीद्वार खड़ा करेगी वैश्य चेतना समिति : सुंदर साहू



बैठक में उपस्थित वैश्य चेतना समिति के सदस्य

**डुमरांव।** वैश्य चेतना समिति, डुमरांव की बैठक चौक रोड स्थित एक सभागार में सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता डुमरांव चेम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मोहनजी गुप्ता ने जबकि मंच संचालन केशरी समाज के अध्यक्ष राजेंद्र केशरी ने किया। वही धन्यबाद ज्ञापन हलवाई समाज के श्याम जी गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य चेतना समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर सुंदर साहू थे। उन्होंने ने कहा कि आजादी के बाद से आज तक किसी भी दल ने वैश्य समाज को गया स्नातक क्षेत्र से उम्मीद्वार बनाने का नहीं सोचा है। इस बार वैश्य समर्थित उम्मीदवार डॉ. जगरनाथ गुप्ता को अपना उम्मीदवार घोषित कर चुनाव हर हाल में जित दिलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को रौनियार समाज के सचिव के के गुप्ता, मोहन गुप्ता, अखिलेश केशरी आदि ने संबोधित किया। सभी लोगों ने बैश्य समाज के स्नातक उम्मीद्वार डॉक्टर जगरनाथ गुप्ता को जिताने का संकल्प किया। मौके पर करमु केशरी, सुरेश रौनियार, राकेश कुमार रौनियार, अनिल कुमार, राजू केशरी, दिलीप केशरी, अखिलेश केशरी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### महकमा शर्मसार : शराब के नशे में मिले बक्सर ओपेन जेल के जेलर व कक्षपाल

**बक्सर।** राज्य सरकार ने शराबबंदी कानून लागू करने के बाद सरकारी कर्मियों को जीवन में कभी शराब नहीं पीने की शपथ दिलवाई थी। लेकिन इस शपथ को तोड़ बक्सर ओपेन जेल के जेलर राम बिनोद कुमार व कक्षपाल रूपक कुमार ने शुक्रवार की रात यूपी में जा शराब का सेवन किया। यही नहीं जब उनपर नशे का सुरूर चढ़ा, तो वे बिहार में शराबबंदी कानून को भूल पुल पार कर इस पार भी चले आए। लेकिन उनकी किस्मत खराब थी कि मध्य रात्रि में भी पुल के पास एंटी लिकर टास्क फोर्स की टीम वहां मौजूद थी। टीम ने दोनों को पकड़ लिया तथा मेडिकल जांच करवाया। इस दौरान शराब पीने की पुष्टि होने के बाद नियमों के मुताबिक उन्हें न्यायालय के सामने भी प्रस्तुत किया गया। जानकारी के अनुसार पहली बार शराब के नशे में पकड़े जाने का उन्हें फायदा जरूर मिला। लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए है। सबसे बड़ा सवाल है कि जब खाकी ही शराबबंदी कानून को तोड़ेगी तो उसका पालन कौन कराएगा। वही ओपेन जेल के जेलर व कक्षपाल जैसे जिम्मेवार पद आसीन लोग ही शराब के नशे में धूत हो जाए तो जेल के कैदियों की सुरक्षा का क्या होगा। बता दें कि ओपेन जेल में वैसे कैदियों को ही रखा जाता है जो लंबी सजा भुगत चुके होते है तथा जिनका जेल अवधि में आचरण में सुधार दिखता है। बक्सर नगर थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने इसकी पुष्टि किया है।

### इटाढ़ी में हथियार का भय दिखा 47 हजार की लूट

**इटाढ़ी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बकसड़ा गांव के पास हथियारबंद लूटेरों ने एक व्यक्ति से गन प्वाइंट पर 47 हजार रूपए की लूट कर ली है। पीड़ित ने स्थानीय थाना में अज्ञात लूटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामोबरियां गांव निवासी रामकुमार सिंह किसी काम से इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बकसड़ा गांव गए थे। उधर से लौटने के दौरान वे जैसे ही बकसड़ा राइस मिल के पास पहुंचे कि एक बाइक पर सवार हथियार बंद अपराधियों ने हथियार दिखा उनके पास से 47 हजार रूपए लूट लिए। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल हरकत में आई तथा लूटेरों की धरपकड़ के लिए घेराबंदी कर छापेमारी भी की। लेकिन घंटो चली छापेमारी में भी लूटेरें पकड़े नहीं जा सके। वैसे पुलिस सूत्रों की मानें तो इस घटना में शामिल लूटेरों की पहचान कर ली गई है। उन्हें जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लूट की वारदात की जानकारी होते ही लोगों में भय व्याप्त हो गया। वैसे भी धनतेरस के दिन लोग धातु के सामान व आभूषण खरीदते है। लेकिन इस घटना के बाद लोग काफी डरे सहमे हुए थे।

### एसडीओ ने डुमरांव से दो व नया भोजपुर से एक पटाखा कारोबारी को पकड़ा

# अवैध पटाखा निर्माण व भंडारण करने वालों पर चला प्रशासन का डंडा, तीन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रशासन के निर्देश को दरकिनार कर बिना लाइसेंस लिए पटाखा निर्माण व बिक्री करने वाले दुकानदारों को एसडीओ कुमार पंकज ने शनिवार को सबक सिखाया। उन्होंने अवैध रूप से पटाखा निर्माण व भंडारण के आरोप में डुमरांव से दो तथा नया भोजपुर से एक समेत कुल तीन दुकानदारों को पकड़ा है। उनके पास से भारी मात्रा में पटाखा तथा पटाखा निर्माण में काम आने वाली सामग्री भी बरामद हुई है। मिली जानकारी के अनुसार एसडीओ ने डुमरांव के साथ ही पुराना भोजपुर व नया भोजपुर में सघन छापेमारी अभियान चलाया था।

इस दौरान डुमरांव से पटाखा कारोबारी इलियास अंसारी व इफ्तिखार अंसारी तथा नया भोजपुर से किताबुद्दीन को पकड़ा गया है। आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। उनके घरों तथा दुकानों से प्रशासन ने पटाखे की बड़ी खेप भी जब्त की है। गौरतलब है कि शुक्रवार को ही एसडीओ ने बैठक कर इस बात की हिदायत दी थी कि बिना लाइसेंस पटाखा निर्माण बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा इसका उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन पटाखा के अवैध कारोबारियों पर इसका असर नहीं हुआ था। वैसे एसडीओ की इस कार्रवाई के बाद पटाखा व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है। कई दुकानदार पूरे दिन अपनी दुकानों को बंद रखा, तो कई चोरी छिप्पे ही अपनी दुकान का संचालन करते रहे। एसडीओ ने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



छापेमारी करते एसडीओ व इनसेट में जब्त पटाखें

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या पति समेत सात पर एफआईआर

**केटी न्यूज/नावानगर**

जिले के सोनवर्षा ओपी के सारा गांव में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतिका गांव के मो सद्दाम की पत्नी रविना खातून बताई जाती है। इधर, मृतिका के पिता राजपुर थाना क्षेत्र के खरगपुरा निवासी समद हजाम ने मृतिका के पति, देवर सिकन्दर, सास बुना बेगम, बहनोई जुमराती समेत सात लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस ने विवाहिता का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया है। दर्ज एफआईआर में मृतिका के पिता ने बताया है कि वर्ष 2020 में उन्होंने अपनी पुत्री रविना खातून की शादी सारा निवासी मो. सदाम के साथ अपने रीति रिवाज से की थी। एक साल तक उनकी पुत्री का वैवाहिक जीवन ठीकठाक था। उसके बाद घर वाले दहेज में मोटरसाइकिल एवं सोना के चौन की मांग करने लगे। नहीं देने पर उनकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। बताया कि पुत्री की ससुराल वालों ने धमकी को हकीकत में बदल दिया। शुक्रवार की रात पंखा में फांसी पर झुलाकर मौत के घाट उतार दिया है। इधर ससुराल वालों ने विवाहिता खुद फांसी लगाए जाने की बात बता रहे है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी आरोपी फरार है। मामले की तहकीकात की जा रही है।
















## छोटी खबरें

### करंट की चपेट में आने से युवक मौत

**बलिया।** नगरा कस्बे के भगमल पुर निवासी 25 वर्षीय युवक की शनिवार को सायंकाल टूल्लु में प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक के मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जाता है कि नगरा थाना क्षेत्र के भिटूकुना निवासी बुद्धिराम शर्मा नगरा कस्बे के भगमलपुर में मकान बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार को सायंकाल बुद्धिराम का पुत्र विवेक शर्मा किसी काम से टूल्लु चालू करने गया, लेकिन टूल्लु में करंट प्रवाहित हो रहा था। जिसके चपेट में आकर वह गंभीर रूप में अचेत हो गया। कुछ देर बाद परिजन उसको देखे तो अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना पर दरवाजे पर काफी लोगो की भीड़ जुट गई।

### रंगोली प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**बलिया।** दुबहड़ क्षेत्र के अड़रा-घोड़हरा स्थित एसजी पब्लिक स्कूल में धनतेरस के पूर्व संध्या पर कक्षा चार से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं का नौ ग्रुप बनाकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 12वीं की छात्राओं को प्रथम पुरस्कार, 10वीं के छात्राओं को द्वितीय पुरस्कार तथा कक्षा चौथी व पांचवीं की छात्राओं को तृतीय पुरस्कार के रुप में सामाजिक चिंतक बब्बन विद्यार्थी एवं शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से मेडल देकर सम्मानित किया गया। शेष अन्य कक्षाओं की छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर बब्बन चौबे, धर्मराज सिंह; सोमनाथ सिंह, परमानंद चौबे, जितेंद्र यादव, मुकेश यादव, चंद्रप्रकाश पाल, दीपक सिंह, रणधीर सिंह, अमित सिंह, नेहा, संध्या, ज्योति तिवारी, क्षमा वर्मा, रोशनी आदि उपस्थित रहे।

### गोबर रखने के विवाद में चली गोली, युवक घायल

**बलिया।** नरहीं थाना क्षेत्र के चौरा सलेमपुर में शनिवार की शाम को गोबर रखने के विवाद को लेकर चली गोली में एक युवक घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उन्हें नरहीं सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गोबर रखने को लेकर पहले कहासुनी हुई। इसके बाद एक पक्ष के तरफ से गोली चलाई गई। जिसमें मौके पर खड़े सलेमपुर निवासी श्याम नारायण पटेल के बेटे अर्जुन पटेल (32 वर्ष) को गोली लग गई।

# मुख्तार अंसारी के करीबी बसपा सांसद की 58.13 लाख की संपत्ति कुर्क

- धोखाधड़ी से संपत्ति अर्जित करने पर गाजीपुर पुलिस ने वीरपुर में की बड़ी कार्रवाई
- 12 गैंगस्टरों की 32 करोड़ की संपत्ति हुई है जब्त

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



सांसद अतुल राय की फाइल फोटो

बड़े बाहुबलियों से संबंध रखने, अपराध व धोखाधड़ी से संपत्ति अर्जित करने वाले बसपा सांसद अतुल राय सहित 12 गैंगस्टरों की 32 करोड़ 36 लाख रुपये की संपत्ति शनिवार को कमिश्नरेट पुलिस ने जब्त की है। देखा जाए तो पिछले दस माह के अंदर इन गैंगस्टरों की संपत्तियों की जब्तीकरण के साथ ही 108 अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही 154 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसमें 99 अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई हुई है। फरार आरोपियों के ऊपर इनाम घोषित कर उनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस आयुक्त ने दोनों डीसीपी को पत्र लिखा है।पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश के अनुसार दुष्कर्म पीड़िता को खुदकुशी के लिए उकसाने में आरोपी नैनी जेल में बंद घोसी के बसपा सांसद अतुल राय की गाजीपुर के भंवरकोल के वीरपुर में 58 लाख 13 हजार की संपत्ति कुर्क की गई। वहीं, सैकड़ों निवेशकों की गाढ़ी कमाई लूटने वाले करोड़ों रुपये की ठगी में जेल में बंद नीलगिरी इंफ्रासिटी के सीएमडी विकास सिंह, एमडी रितु सिंह, प्रबंधक प्रदीप यादव और पलास मिश्रा की लगभग 13 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई।

इसके अलावा अरबों की धोखाधड़ी करने वाली शाइन सिटी के सीएमडी राशिद नसीम की लखनऊ, बनारस में 18 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। इसके अलावा अन्य आरोपियों के दुपहिया और चार पहिया वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि गैंगस्टर एक्ट में वांछितों पर इनाम घोषित कर कड़ी कार्रवाई के लिए काशी और वरुणा जोन के डीसीपी को पत्र लिखा गया है। उधर पुराने मामले जिनमें आरोपियों की जमानत हो चुकी है, उन्हें निरस्त करने की कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया है।अपराधियों पर कार्रवाई जारी रहेगी। वर्ष 2022 के सितंबर माह में पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 21 असामाजिक तत्वों को जिला बदर किया। इन जिला बदर हुए असामाजिक तत्वों की कड़ी निगरानी थाना स्तर से हो रही है। वहीं, बसपा सांसद अतुल राय पर की गई कार्रवाई से बाहुबली मुख्तार अंसारी से जुड़े अन्य राजनीतिक एवं अपराधिक गतिविधियों से जुड़े लोग दहशत में हैं।

## ताड़ीबड़ा की किशोरी की इलाज के बाद जिला समेत छात्र-छात्राओं और लोगों में आक्रोश

# मर्माहत : बलिया की किशोरी के अंतिम संस्कार के बाद फुटा छात्रों का गुस्सा

- मामले गंभीरता के कारण एसपी के निर्देश पर छावनी में तबदील हुआ ताड़ीबड़ा, भारी संख्या में जवान तैनात
- पीड़िता के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए कोई बैठा धरने पर, किसी ने निकाला जुलूस

**केटी न्यूज/बलिया**



आक्रोश मार्च निकालते अभाविप के छात्र-छात्राएं

बीते दिनों ताड़ीबड़ा कांड से जिले के लोग मर्माहत तो थे ही, लेकिन बीती शाम उसकी मौत होने के बाद शनिवार को लोगों में आक्रोश देखने को मिला। सात दिनों पूर्व जिले के नगरा थाना अंतर्गत ताड़ीबड़ा गांव में एक किशोरी खून से लथपथ मिली थी। जिसे पुलिस ने आननफानन में अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। साथ ही, आरेपितों ने उसके हाथ की नस भी काट डाली थी। जिसके बाद उसका इलाज वाराणसी के बीएचयू में चल रहा था। जिसकी मौत बीती रात हो गई। लेकिन, मामले को शांत रखने के लिए पुलिस ने किशोरी का शव वाराणसी हरिश्चंद घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। जिसके बाद अगली सुबह आक्रोशित लोगों ने जिले में जमकर बवाल काटा। पुलिस ने जन आक्रोश को भांपते हुए पीड़िता की मौत की सूचना मिलने के बाद गांव में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया। साथ ही, नगरा बाजार भी पुलिस छावनी में तब्दील हो गई। जहां महिला और पुरुष जवानों को वर्दी व सादे लिबास में तैनात किया गया। साथ ही, फायर बिग्रेड की भी गाड़ी खड़ी है।

मामले में पुलिसिया कार्रवाई के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राओं ने टीडी कॉलेज स्थित कार्यालय से जुलूस निकाला। जिसमें छात्रों ने मांग किया कि ताड़ी बड़ा की किशोरी की हत्या के आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र छात्राओं ने शनिवार को जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर शिवाजी, ओमप्रकाश, अभिषेक, शिवम, राजदीप, हिमांशु, प्रशांत मौजूद रहे।

### संजीव गिरी को पुलिस ने धरना स्थल से उठाया



संजीव गिरी को ले जाती पुलिस

इधर, पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अपने सात सूत्री मांगों के साथ छात्र नेता संजीव गिरि बाजार के हनुमान चौक पर अनशन पर बैठ गया। उसके अनशन पर बैठते ही पुलिस के हाथ पांवफूल गए और दस मिनट बाद ही पुलिस संजीव का मोबाइल लेने के बाद जबरन उठाकर थाने लेकर चली गई। बताया जाता है कि संजीव गिरी ने पीड़िता के मौत के बाद फेसबुक पोस्ट के माध्यम से उसके परिजनों को न्याय दिलाने के लिए नगरा बाजार के हनुमान चौक पर अनशन पर बैठने का ऐलान किया था। जिसके बाद पुलिस रात में कई बार उसके घर गई, लेकिन संजीव नहीं मिला। दोपहर में पुलिस को चकमा देकर संजीव बाजार में हनुमान चौक पर पहुंचकर सड़क पर ही अनशन पर बैठ गया। इसके बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस दस मिनट तक संजीव को मनाने की कोशिश की लेकिन उसके द्वारा पुलिस की बात न मानने पर पुलिस उसे जबरन थाने लेकर चली गई।

# आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटा शासन, डीएम ने जारी किया फरमान

### चुनाव को निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन के लिए तिथियां घोषित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के अधिसूचना के तहत जिला मजिस्ट्रेट आर्यका अखौरी ने सूचित किया है कि जनपद के समस्त नगर निकायों के निर्वाचक नामावलियों का समय सारिणी के अनुसार पुनरीक्षण किया जाना है। जिसमें ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 31 अक्टूबर ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने का दिनांक एक से सात नवंबर तक, दावे और आपत्तियों का निस्तारण 08 से 12 नवंबर तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची यथा स्थान समाहित करने की कार्रवाई 14 से 17 नवंबर तक तथा अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन का दिनांक 18 नवम्बर निर्धारित किया गया है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सर्वजनिक जानकारी के लिए समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा। मतदाता अपना नाम सम्मिलित किए जाने के लिए एक से चार नवंबर तक की अवधि में आयोग की वेबसाइट पर भी ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में समय सीमा बढ़ाई नहीं जाएगी। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में भी सम्बन्धित कार्यालय (सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरीय निकाय) अपर जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा समस्त उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, खुले रहेंगे। साथ ही निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्रवाई पूर्ण कराई जाएगी।

# स्वयं को डीएम से उपर मानने लगे जिला विद्यालय निरीक्षक

- जिलाधिकारी के जांच का आदेश का नहीं कर रहे पालन

**केटी न्यूज/बलिया**




शहर के द्वारिकापुरी कालोनी में कुकुरमुत्ते की तरह खुले कोचिंग सेंटरों के खिलाफ जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल भले ही सख्त है। लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक शायद खुदको जिलाधिकारी से भी उपर मानने लगे हैं। तभी तो जो जांच 15 सितंबर को होनी थी, वह जांच आज तक नहीं हो पाई। उधर लोग दबी जुबान यह भी चर्चा करने लगे कि जिला विद्यालय निरीक्षक की कोचिंग संचालकों के साथ साठगांठ हो गई है। बताते चलें कि मिड्ढा निवासी वरिष्ठ समाजसेवी सनक पांडेय ने द्वारिकापुरी कालोनी में कोचिंग सेंटरों के खिलाफ बीते 13 सितंबर को जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपे थे। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल भी त्वरित कार्रवाई करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेशित किए। जिला विद्यालय निरीक्षक भी क्रमशः मुख्य अग्निशमन अधिकारी व शहर कोतवाल को पत्र लिखते हुए जांच के लिए 15 सितंबर का दिन तय किए। अफसोस आज 22 अक्टूबर मतलब एक महीना सात दिन बीत गया, लेकिन कोई अधिकारी जांच करने मौके पर नहीं पहुंचे। ऐसे में दबीजुबान लोग यह चर्चा करने लगे कि शायद जिला विद्यालय निरीक्षक खुदको जिलाधिकारी से उपर मानते हैं। ज्ञात हो कि सनक पांडेय द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया था कि द्वारिकापुरी कालोनी में अधिकतर कोचिंग सेंटर मानक के खिलाफ है। यहां जो शिक्षक खुद 12वीं पास हैं, वे दूसरे को टेट, सुपर टेट और यूपीएससी की तालीम दे रहे हैं। ऐसे में आप खुद सोचिए आपके बच्चे का भविष्य क्या होगा।

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने 21 टीबी मरीजों को लिया गोद

- दीपावली के अवसर पर गोद लिए गए मरीजों को दिए गए तोहफें
- पोषण सामग्री के साथ मरीजों में बांटी गई फल व मिठाइयां

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



कार्यक्रम में शामिल जिला पंचायत अध्यक्ष व उपस्थित मरीज

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के टीबी मरीजों को गोद लेने का कार्य शुरू हो चुका है। जिसके मद्देनजर इस दीपावली उपलक्ष्य पर जिले में भी टीबी के इलाजरत मरीजों को गोद लेना शुरू किया गया है। जिसके तहत जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा पिछले दिनों से 21 टीबी मरीजों को गोद लिया गया था। उन मरीजों में दूसरी बार पोषण सामग्री के साथ उनके बीच दीपावली की मिठाई वितरित करते उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का जो सपना देखा है, उसे हरहाल में पूरा किया जाएगा। यदि हमारे जिले में सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा और हमारे जनप्रतिनिधि इस महाअभियान में अपनी सहभागिता निभाते रहें तो हम 2024 तक गाजीपुर को टीबी मुक्त कराने में सफल हो जाएंगे।

### खुद को अलग न समझे टीबी मरीज

जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि पंकज सिंह चंचल ने कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है। इसलिए इस दौरान सभी को खुश होने का मौका मिलना चाहिए। जिसके मद्देनजर टीबी मरीजों के बीच मिठाइयों और फलों का वितरण किया जा रहा है। ताकि, पोषण सामग्री वितरित करने के साथ उनके दीपावली की खुशियों में चार चांद लग सके। उन्होंने मरीजों से बातचीत करते हुए कहा कि टीबी के मरीज अपने आपको समाज से कहीं अलग न समझे। यदि आप लोगों को कभी भी दवा, पोषण सामग्री या फिर विभाग के द्वारा किसी भी तरह की परेशानी आती है, तो उसके लिए हमारे कार्यालय की तरफ से जो फोन आप लोगों को जाता है उस पर आप अपनी समस्या बताएं। जिसका निराकरण वो तत्काल कराने में मरीजों की मदद करेंगे।

### इन्होंने लिया मरीजों को गोद

गोद लेने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, पूर्व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, पीजी कॉलेज के प्रबंधक, राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ अन्य कई संभ्रांत लोगों ने टीबी मरीजों को गोद लेकर प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने का काम कर रहे हैं।

## एक नजर

### बलिया के ताड़ी बड़ा की मृत किशोरी को न्याय दिलाने के लिए सीएम को पत्रक सौंपा



डीएम के पत्रक सौंपते रक्षा दल के सदस्य

**गाजीपुर।** बलिया जनपद के नगरा थाना क्षेत्र में बीते 14 अक्टूबर को एक बालिका के साथ हुए जघन्य अपराध व दुष्कर्म के मामले में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए ब्राह्मण रक्षा दल आगे आया है। उक्त घटना से समाज दुःखी और विचलित हो रहा है। घटना का निष्पक्ष पदार्फाश करने के लिए मुख्यमंत्री से मांग कर पीड़ित परिवार की सुरक्षा प्रदान करने व आर्थिक सहायता की मांग को लेकर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी शुक्रवार को पत्रक सौंपा। ब्राम्हण रक्षा दल इस घटना की असलियत के पदार्फाश के लिए सीबीआई से जांच कराने की मांग करता है। जिससे पीड़िता व उसके परिजनों को न्याय मिल सके। पत्रक सौपने वाले प्रतिनिधि मंडल में बासूदेव पाण्डेय, वरिष्ठ नेत्री कुमुम तिवारी, कृष्णानन्द उपाध्याय, सोनू पाण्डेय, मनोज उपाध्याय, शशांक उपाध्याय, दीपक पाण्डेय एडवोकेट, दीपक उपाध्याय, अभिषेक द्विवेद्वी, शिवम उपाध्याय, रूद्रमणि त्रिपाठी, अतुल तिवारी, अतुल पाण्डेय, बबिता, गोल्डेन पंडित, मृत्युन्जय मिश्रा, जनार्दन दूबे सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### बिहार जा रहे छह पशु बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में पशु तस्कर

**गाजीपुर।** भांवरकोल पुलिस ने तस्करी के लिए बिहार जा रहे छह पशुओं को बरामद किया है। साथ ही, तीन पशु तस्करों को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने तस्करों के पास से एक तमंचा व दो कारतूस भी बरामद किया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों व वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे। अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद की देखरेख में शनिवार को थानाध्यक्ष अन्य पुलिसकर्मियों के साथ वीरपुर गंगा नदी घाट से अभियुक्त दीना चौधरी पुत्र सौदागर चौधरी, साहेब चौधरी पुत्र शिवसागर चौधरी, धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्र गोरख गुप्ता, पप्पू चौधरी पुत्र मुनीब चौधरी निवासीगण ग्राम बीरपुर थाना भांवरकोल गाजीपुर को एक इंजन चलित नाव से छह गोवंश लादकर वध के लिए बिहार राज्य ले जाते समय पकड़ लिया। अभियुक्त दीना चौधरी के पास एक तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ। बरादगी के आधार पर गो हत्या व आर्म एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय भेजा गया।

### थाना में समाधान दिवस का हुआ आयोजन



फरियादियों का आवेदन लेते उपनिरीक्षक

**बलिया।** जिले के हल्दी थाना परिसर में अक्टूबर माह के अंतिम शनिवार को उपनिरीक्षक राधे श्याम सरोज की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर थाने में कुल पांच मामले आये जिसमे सभी मामले जमीनी विवाद से जुड़े रहे।थाने पर आए सभी फरियादियों की फरियाद को बारीकी से सुनने के बाद व थाने पर मौजूद क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा कागजातों की जांच पड़ताल के बाद पांच में से तीन मामलों का निस्तारण पुलिस द्वारा कराया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय, उपनिरीक्षक मिथिलेश तिवारी, उपनिरीक्षक अवधेश उपाध्याय, लेखपाल दिव्यांशु यादव, अविनाश कुमार सहित सभी लेखपाल व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### पुलिस स्मृति दिवस पर याद किए गए शहीद अमित तिवारी, माता-पिता को किया गया सम्मानित

**बलिया।** जिले के दुबहड़ थाना परिसर में शनिवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाने के क्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश के महाराजगंज सीमा सशस्त्र बल के 22 वीं बटालियन के आलाधिकारियों ने क्षेत्र के किशुनी पुर जनाड़ी निवासी शोकहरण तिवारी के शहीद पुत्र शहीद अमित तिवारी को याद किया। इस क्रम में 22वीं बटालियन के आलाधिकारियों ने किशुनीपुर जनाड़ी स्थित शहीद अमित तिवारी के आवास पर पहुंचकर शहीद के माता-पिता को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। तत्पश्चात थाना परिसर में शहीद अमित तिवारी का चित्र स्थापित कर लोकार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसी क्रम में स्थानीय राम सिंहासन किसान इंटर कॉलेज दुबहड़ में कालेज के शिक्षकों तथा सीमा सशस्त्र बल के जवानों द्वारा शहीद के शिलापट्ट पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर प्रधान प्रभात पांडेय, धनु पांडेय, इंस्पेक्टर कुलदीप तिवारी, यतेंद्र सिंह, राकेश पांडेय, कौशलेश राय, मनोज कुमार, रामाश्रय यादव, सुनील कुमार, विमलेश पटेल, इंद्रेश कुमार, निर्मल सिंह रामकृष्ण तिवारी, नमोनारायण तिवारी, नंदलाल यादव आदि रहे।

### सीएम सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत कार्यक्रम का होगा आयोजन, पात्र जोड़े कराएं रजिस्ट्रेशन

**गाजीपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत एक वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें अनुसूचति जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के निराश्रित व निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्या तथा विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं को विवाह के लिए अनुदान योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाएगा। वही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र होंगी। इच्छुक पात्र जोड़े अपना रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। पात्रता की शर्ते निम्नवत है। जिसमें कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमन्द हों, आवेदक के परिवार की आय दो लाख के अन्तर्गत हो। विवाह के लिए कन्या की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है।